प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में लगभग 4200 करोड़ रुपए की अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित की

चर्चा में क्यों?

12 अक्तूबर, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले में ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल, बागवानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन सहित अन्य क्षेत्रों में लगभग 4200 करोड़ रुपए की अनेक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित कीं।

प्रमुख बिंदु

- प्रधानमंत्री द्वारा निम्नलिखित परियोजनाओं का उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पित किया गया-
  - पीएमजीएसवाई के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित 76 ग्रामीण सड़कें और 25 पुल;
  - 9 ज़िलों में बीडीओ कार्यालयों के 15 भवन;
  - केंद्रीय सड़क निधि के तहत निर्मित तीन सड़कों- कौसानी-बागेश्वर रोड, धारी-दौबा-गिरिछीना रोड और नगला-किच्छा रोड का उन्नयन;
  - राष्ट्रीय राजमार्गों पर दो सड़कों- अल्मोड़ा पेटशाल-पनुवानौला-दन्या (एनएच 309बी) और टनकपुर-चल्थी (एनएच 125) का उन्नयन;
  - पेयजल से संबंधित तीन परियोजनाएँ- 38 पंपिंग पेयजल योजनाएँ, 419 गुरुत्वाकर्षण पर आधारित जलापूर्ति योजनाएँ और तीन ट्यूबवेल आधारित जल आपूर्ति योजनाएँ;
  - पिथौरागढ़ में थरकोट कृत्रिम झील;
  - 132 केवी पिथौरागढ़-लोहाघाट (चंपावत) पावर ट्रांसमिशन लाइन;
  - उत्तराखंड में 39 पुल और विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित उत्तराखंड आपदा रिकवरी परियोजना के तहत देहरादून में बनाई गई उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) की इमारत।
- जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, वे हैं-
  - 21,398 पॉली-हाउस के निर्माण की योजना, जिससे फूलों एवं सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने और उनकी गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिलेगी;
  - उच्च घनत्व वाले सघन सेब के बगीचों की खेती के लिये एक योजना;
  - राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के उन्नयन के लिये पाँच परियोजनाएँ
  - राज्य में आपदा तैयारियों और सुदृढ़ता के लिये कई कदम- पुलों का निर्माण, देहरादून में स्थित राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र का उन्नयन, बलियानाला व नैनीताल में भूस्खलन की रोकथाम के लिये कदम तथा आग, स्वास्थ्य एवं वन से संबंधित अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार;राज्य भर के 20 मॉडल डिग्री कॉलेजों में छात्रावास एवं कंप्यूटर लैब का विकास;
  - अल्मोड़ा के सोमेश्वर में 100 बिस्तरों वाला उप ज़िला अस्पताल;
  - चंपावत में 50 बिस्तरों वाला अस्पताल ब्लॉक;
  - नैनीताल के हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान;
  - रुद्रपुर में वेलोड्रोम स्टेडियम;
  - जागेश्वर धाम (अल्मोड़ा), हाट कालिका (पिथौरागढ़) और नैना देवी (नैनीताल) मंदिरों सहित विभिन्न मंदिरों में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये 'मानसखंड मंदिर माला मिशन योजना।

“
आज भारत, विकास की
नई बुलंदी की तरफ बढ़ रहा है।
पूरी दुनिया में भारत और
भारतीयों का गौरवगान हो रहा है।
पिथौरागढ़ में पीएम मोदी, 12 अक्टूबर 2023

//



दृष्टि The Vision





दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-laid-the-foundation-stone-of-several-development-projects-in-pithoragarh-district-of-uttarakhand